**Fourteenth Loksabha**

## Session : 6
## Date : 06-12-2005

**Participants : Chavda Shri Harisinh**

Title : Need to clear the backlog of telephone connection in Banaskantha Parliamentary Constituency, Gujarat.

**श्री हरिसिंह चावड़ा (बनासकांठा)** : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा में आज भी पांच हजार लोग टेलीफोन लगवाने हेतु प्रतिक्षा सूची में हैं। विश्व में दूरसंचार क्षेत्र में क्रांति हो चुकी है। कई राज्यों में प्रत्येक गांव में टेलीफोन उपलब्ध करवाया जा चुका है, परन्तु अभी तक मेरा संसदीय क्षेत्र टेलीफोन की सुविधा से वंचित है। पांच हजार लोगों को टेलीफोन लगाने के लिए न तो उपकरण की आपूर्ति की गयी है, न ही डब्ल्यू.एल.एल.बी.टी.एस लगाया गया है। इन सब कारणों से लोगों को दो सालों तक भी टेलीफोन नहीं मिल पायेंगे। दूसरी ओर मोबाईल सेवा भी अभी तक इस क्षेत्र को उपलब्ध नहीं करवायी गयी है। इसके लिए जो भी जरूरी उपकरण एवं टॉवर हैं वह भी अभी तक नहीं लगे हैं। इस क्षेत्र में 70 टॉवर लगने थे, जिसमें केवल दस लगे हैं। इन सब कारणों से मेरे संसदीय क्षेत्र के लोग दूर संचार विभाग से असंतुट हैं।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा में सभी प्रतीक्षा सूची में दर्ज लोगों को टेलीफोन दिलवाये जायें और इस क्षेत्र में आवश्यक उपकरण एवं टॉवरों को खड़ा करके इस क्षेत्र में मोबाईल सेवा तत्काल उपलब्ध करवाया जाये।